Hindi

किंडरगार्टन

Public education
Discover a world of opportunities

विज्ञान: घर पर सीखना

बगीचे में विज्ञान

पानी में खेल

- अपनी संतान को यह सोचने के लिए कहें कि पानी कहाँ से आता है और यह कहाँ जाता है। उन्हें एक ठोस सतह पर पानी फेंक कर या स्प्रे करके और फिर पानी के गायब हो जाना देखकर उनके विचारों की जांच करें। इस बारे में बात करें कि कैसे पानी से गीला होने के बाद वस्तुएँ सूखती हैं।
- कार धोयें। अपनी संतान को होज़ (पाइप) से आने वाले पानी की गति को महसूस करने दें। साबुन के साथ बुलबुले बनाएँ। निम्न प्रकार के सवाल पूछें: *पानी और गर्द कहाँ गया?*
- हैंड टावल (छोटे तौलिए) का एक सिरा पानी में डालें और दूसरा सिरा ज़मीन पर रहने दें। पांच मिनट बाद डिश (बर्तन) में पानी के स्तर की जाँच करें और अपनी संतान से सवाल पूछें जैसे कि: *बर्तन में कितना पानी रह गया है? और ऐसा क्यों हो रहा है?*

धूल-मिट्टी और सैंडपिट में खेल

- छलनी, चम्मच, कीप, प्लास्टिक कंटेनर, छुरी-काँटा जैसे किचन के पुराने बर्तनों और गार्डन में प्रयोग किए जाने वाले टूल्स का प्रयोग करके मिट्टी और रेत खोदें।
- ट्रैक्टर जैसे खुदाई करने वाले खिलौने और प्लास्टिक पाइप और लकड़ी के ऑफ-कट्स कल्पनाशील इंजीनियरिंग खेलकूद को प्रोत्साहित करते हैं। सड़कें बनाने में अपनी संतान की मदद करें और एक ऐसा शहर बनायें जिसमें पुल और खाईयाँ शामिल हों। मिट्टी गीला करके निर्माण के लिए मिट्टी की ईंटें बनाएँ।
- कीप और पाइपों से मिट्टी गिराते हुए कंटेनर भरें।

बुलबुले का खेल

- आपको ज़रूरत होगी केवल साबुनी घोल की (जो आँखों में नहीं चुभता है) और साथ ही एक बबल वैंड की भी! आप पाइप क्लीनरों का प्रयोग करके अलग-अलग आकार के डण्डे (वैंड) बना सकते/सकती हैं। बुलबुलो को पकड़ने का प्रयास करें। निम्न प्रकार के सवाल पूछें: *बुलबुले किस कारण तैरते रहते हैं? और बुलबुले फूट क्यों जाते हैं?*
- यह देखें कि आपकी संतान कितनी देर बुलबुले को हवा में रहने दे सकती है।
- अपनी संतान को अपने हाथों को बुलबुले के घोल में डालकर, अपने अँगूठे और अपनी उंगली से छोटे गोले बनाकर और फिर उस गोले में फूँक मारकर बुलबुले बनाने दें।
- बुलबुले के घोल को प्लास्टिक शीट में डालें। अपनी संतान को स्ट्रा में फूँक मारकर बुलबुले के घोल हिलाने के लिए कहें। देखें कि वह कितने बुलबुले फुला सकते हैं। बुलबुलों के अंदर बुलबुले बनाने का प्रयास करें।

Department of Education

आपको और अधिक जानकारी education.wa.edu.au पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015